प्रेरणा और राष्ट्र विषय पर विशेष व्याख्यान

कुरुक्षेत्र, यशबाबू न्यूज।

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा प्रेरणा और राष्ट्र विषय पर विशेष वक्तव्य का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डा. जोगिंदर सिंह बिंदलान तथा डा. नवोदिता राणा उपस्थित रहे। वक्ताओं ने छात्राओं को प्रेरणा की शक्ति - अपनी क्षमता को पहचानना विषय पर संबोधित करते हुए प्रेरणा, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने छात्राओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने, जीवन में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने तथा चुनौतियों का सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सामना करने के लिए प्रेरित किया। क्योंकि युवाओं की ऊर्जा, सकारात्मक सोच और स्वस्थ दृष्टिकोण राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने दोनों अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मनोविज्ञान विभाग को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रही।

जयराम कन्या कॉलेज में 'प्रेरणा और राष्ट्र' पर व्याख्यान

थानेसर : सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से 'प्रेरणा और राष्ट्र' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. जोगिंदर सिंह ढिल्लान और डॉ. नवोदिता राणा ने छात्राओं को प्रेरणा, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और लक्ष्य निर्धारण के महत्व की जानकारी दी। वक्ताओं ने छात्राओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने और चुनौतियों का सकारात्मक सोच के साथ सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सकारात्मक सोच और ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्राचार्या डॉ. सुदेश सबल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक हैं।

प्रेरणा, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर डाला प्रकाश

सवेरा न्यूज/सुरेश कुमार

थानेसर, 10 सितंबर : सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम कन्या महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग की ओर से 'प्रेरणा और राष्ट्र' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डा. जोगिंदर सिंह बिंदलान तथा डा. नवोदिता राणा उपस्थित रहे। वक्ताओं ने छात्राओं को 'प्रेरणा की शक्ति—अपनी क्षमता को पहचानना' विषय पर संबोधित करते हुए प्रेरणा, सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

व्याख्यान के दौरान अतिथि वक्ताओं के साथ छात्राएं एवं प्राध्यापिकाएं।

महाविद्यालय की प्राचार्या डा. सुदेश रावल ने दोनों अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद किया।